डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : सम्ब0/1123/2026 दिनांक : 25/03/2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

विषय: "भिक्षा से शिक्षा की ओर" अभियान के अंतर्गत जागरूकता होर्डिंग स्थापित किए जाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या ई–1479/32.जी.एस./2026–V दिनांक 23.03.2026 के क्रम में, उम्मीद संस्था, गोमती नगर, लखनऊ द्वारा प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों एवं उनसे संबद्ध महाविद्यालयों में "भिक्षा से शिक्षा की ओर" अभियान के अंतर्गत जागरूकता होर्डिंग (10 फीट × 08 फीट) मुख्य प्रवेश द्वार पर स्थापित किए जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के क्रम में निर्देशित किया जाता है कि यदि आपके महाविद्यालय में उक्त संस्था द्वारा होर्डिंग स्थापित किए जाने हेतु संपर्क किया जाए, तो प्रचलित नियमों एवं व्यवस्थाओं के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0 लखनऊ।
2. प्रभारी–कुलपति सचिवालय मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. अधिकृत एजेंसी – इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना समस्त महाविद्यालयों के लॉगिन पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Affisvlett